# Divine Happy School

**Chatrapati Talab Road, Mirjanhat, Bhagalpur – 812005**

---

### NOTICE: Revised CBSE Curriculum for Class IX — Session 2026–27

Dear Parents,

CBSE has revised the Class IX curriculum from Session 2026–27, aligned with NEP 2020 and NCFSE 2023.

The school understands that a new scheme can feel unfamiliar at first. We will actively help every student settle into the revised curriculum — familiarising them with the new subjects, the changed assessment pattern, and the way questions are now framed and guide their preparation throughout, so that they approach each assessment with confidence and are well placed to score well.

**Reference:** CBSE Secondary School Curriculum 2026–27 (Part I)
https://cbseacademic.nic.in/web_material/CurriculumMain27/SecPart1/Curriculum_SecP1_2026-27.pdf

| Subject | Class IX (2026–27) | | Class X (2027–28) Board Year | | | Note |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | School Exam | Marks Breakup | Board Exam | School Exam | Marks Breakup | |
| **English (R1)** | ✓ | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | ✓ | – | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | No changes. Continues as per usual pattern. |
| **Hindi (R2)** | ✓ | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | ✓ | – | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | |
| **Mathematics** | ✓ | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | ✓ | – | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | |
| **Science** | ✓ | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | ✓ | – | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | |
| **Social Science** | ✓ | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | ✓ | – | 80 School Exam + 20 Internal Assessment | |
| **Mathematics Advanced / Science Advanced** | ✓ | 25 (extra, optional) | ✓ | – | 25 (extra, optional) | Advanced paper is of 25 extra marks (for 1 extra hour). Pass criteria is 50%. Scores are not mentioned in marksheet, only qualified status will be shown |
| **Third Language (R3) — e.g. Sanskrit** | ✓ | School-based assessment | – | ✓ | School-based assessment | Must be 'Qualified' for the Class X pass certificate. |
| **Individuals in Society: Environmental Education** | ✓ | Grade (A–E) | – | ✓ | Grade (A–E) | School-assessed based on grades |
| **Computational Thinking & AI (CT & AI)** | ✓ | Grade (A–E) | – | ✓ | Grade (A–E) | School-assessed. CBSE guidelines to be announced. |
| **Art Education** | ✓ | Grade (A–E) | – | ✓ | Grade (A–E) | School-assessed on a 5-point scale. |
| **Physical Education & Well-being** | ✓ | Grade (A–E) | – | ✓ | Grade (A–E) | School-assessed on a 5-point scale. |
| **Vocational Education (Kaushal Vikas)** | ✓ | School Exam + Internal Assessment = 100 | ✓ | – | School Exam + Internal Assessment = 100 | Becomes a compulsory Board subject in Class X. Detailed break up of written exam vs internal assessment will be provided later by CBSE board |
| **Optional Subject (if opted)** | ✓ | School Exam + Internal Assessment = 100 | ✓ | – | Varies (50+50 / 70+30) | Split depends on the chosen subject; Board-examined in X. |

***School's proactive support:*** *For new subjects like (CT & AI, Individuals in Society, Vocational Education, Art Education and Physical Education), CBSE will issue detailed guidelines separately. The school has already begun sharing structured material on eVidya and organised the classroom timetable to cover every academic requirement on time. The school will also design the internal assessments and subject-enrichment activities as part of its teaching, so that students are steadily prepared for the competency-based pedagogy the new curriculum expects — building the skills and practice that* ***helps prepare students to earn good scores across all internal assessments****.*

## Advanced Mathematics & Advanced Science — Optional

These are optional enrichment courses for students. There is no pressure and nothing to lose:

- **Completely optional.** A student may take Mathematics Advanced, Science Advanced, both, or neither. They do not replace regular Maths or Science.
- **No effect on percentage.** Each advanced paper is a separate 25-mark, 1-hour HOTS paper (Board exam in Class X). **These marks are NOT added to the aggregate or percentage**.
- The Board does not release marks or declare pass/fail. Scoring more than 50% adds a positive remark to the CBSE marksheet indicating that the Advanced Level was cleared. If a student does not appear or falls short, no remark appears at all. **No score or negative remark is added in any report card or marksheet**.
- **Recommended for aspirants.** For students aiming at engineering, medical and other entrance exams, the school will cover the Advanced portions in its teaching and warmly encourages students to take them up — **a stronger foundation with no downside**.

## School Internal Assessments

The 20-mark Internal Assessment for academic subjects is built from multiple assessments, a portfolio, and subject enrichment activities. The school will guide students through every requirement with clear timelines and continuous support. These components reward consistent effort and participation rather than a single exam. **When students sincerely complete the prescribed work and follow the school's guidance, they are well placed to earn strong, well-deserved scores.**

## Passing Requirements

- Students must complete all prescribed Internal Assessments and Annual / Board Examinations, wherever applicable.
- **Two separate parts to clear:** For a subject with both a Written Exam (80 marks) and Internal Assessment (20 marks), CBSE requires a minimum of 33% in each of the two components separately — that is, at least 33% in the written paper and at least 33% in the internal assessment. Please note that student's own sincere preparation and effort become important to ensure they are able to secure overall passing requirements.
- **Minimum 75% attendance:** As per CBSE Examination Bye-Laws (Rule 13), a student must have at least 75% attendance to be eligible to appear in the Board Examination, counted as on 1 January of the examination year. A relaxation is considered only in genuinely exceptional cases (such as documented medical emergencies or representing the country in sports), and only with valid documents submitted in advance. Regular attendance from Class IX onward is therefore essential — it also directly supports internal assessment and steady preparation.
- **Qualify in school-assessed subjects:** Students must also qualify in the compulsory School-Based Assessment subjects, including the Third Language (R3), to be eligible for the CBSE Class X Pass Certificate. School will help students appropriately prepare for the added curriculum.

Parents are requested to familiarise themselves with the revised curriculum and guide their wards accordingly. For any clarification, please contact the school office.

## Parent Teacher Meetings

The school will conduct periodic Parent-Teacher Meetings to help parents and guardians stay familiar with their child's performance and progress under the new curriculum. We request you to attend these meetings punctually as your active involvement in your ward's progress is critical to their success.

**Principal**
Divine Happy School, Bhagalpur

**प्रिय अभिभावकगण,**

सी.बी.एस.ई. ने शैक्षणिक सत्र **2026-27** से कक्षा IX के पाठ्यक्रम में संशोधन किया है, जो **राष्ट्रीय शिक्षा नीति (NEP 2020)** एवं **राष्ट्रीय पाठ्यचर्या रूपरेखा (NCF-SE 2023)** के अनुरूप है। आपका बच्चा इस नई व्यवस्था के अंतर्गत कक्षा IX में अध्ययन करने वाले पहले बैच का हिस्सा है और वर्ष **2027-28 में सी.बी.एस.ई. बोर्ड परीक्षा** में सम्मिलित होगा।

विद्यालय यह भली-भाँति समझता है कि शुरुआत में यह नई व्यवस्था अभिभावकों और विद्यार्थियों दोनों के लिए कुछ नई और अपरिचित प्रतीत हो सकती है। हम प्रत्येक विद्यार्थी को नए पाठ्यक्रम से चरणबद्ध तरीके से परिचित कराएँगे तथा नए विषयों, परिवर्तित मूल्यांकन प्रणाली और प्रश्न पूछे जाने के नए प्रारूप को स्पष्ट रूप से समझाएँगे। साथ ही, पूरे शैक्षणिक वर्ष के दौरान विद्यार्थियों को उनकी तैयारी में निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान किया जाएगा, ताकि वे प्रत्येक परीक्षा का सामना पूरे आत्मविश्वास के साथ कर सकें और अच्छे अंक प्राप्त कर सकें।

### एडवांस्ड गणित एवं एडवांस्ड विज्ञान (Advanced Maths and Science): वैकल्पिक विषय

ये उन विद्यार्थियों के लिए अतिरिक्त वैकल्पिक विषय हैं, जो भविष्य में इंजीनियरिंग, मेडिकल अथवा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं। इन विषयों को चुनने के संबंध में विद्यार्थियों पर किसी प्रकार का दबाव नहीं है और इन्हें न चुनने पर कुछ भी खोने का भय नहीं है।

- **पूर्णतः वैकल्पिक:** विद्यार्थी अपनी रुचि एवं क्षमता के अनुसार एडवांस्ड गणित, एडवांस्ड विज्ञान, दोनों विषय या इनमें से कोई भी विषय नहीं चुन सकते हैं। ये विषय सामान्य गणित या विज्ञान का स्थान नहीं लेते, बल्कि उनके अतिरिक्त होते हैं।
- **कुल प्रतिशत पर कोई प्रभाव नहीं:** कक्षा X की बोर्ड परीक्षा में प्रत्येक एडवांस्ड विषय का पेपर अलग से 25 अंकों का होगा और इसकी अवधि 1 घंटे होगी। इन विषयों में प्राप्त अंक कुल प्रतिशत की गणना में शामिल नहीं किए जाएँगे।
- **असफल होने का कोई नकारात्मक प्रभाव नहीं:** बोर्ड इन विषयों के लिए न तो अंक जारी करेगा और न ही विद्यार्थियों को उत्तीर्ण या अनुत्तीर्ण घोषित करेगा। यदि कोई विद्यार्थी 50% या उससे अधिक अंक प्राप्त करता है, तो उसकी मार्कशीट पर "एडवांस्ड स्तर उत्तीर्ण" के रूप में एक सकारात्मक टिप्पणी अंकित की जाएगी, जो उसके शैक्षणिक रिकॉर्ड को और सशक्त बनाएगी। यदि कोई विद्यार्थी परीक्षा में सम्मिलित नहीं होता अथवा कम अंक प्राप्त करता है, तो मार्कशीट या रिपोर्ट कार्ड में इसका कोई नकारात्मक उल्लेख नहीं किया जाएगा।
- **इंजीनियरिंग एवं मेडिकल की तैयारी करने वाले विद्यार्थियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी:** जो विद्यार्थी भविष्य में इंजीनियरिंग, मेडिकल अथवा अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करना चाहते हैं, उनके लिए एडवांस्ड विषय विशेष रूप से उपयोगी हो सकते हैं। विद्यालय एडवांस्ड स्तर की तैयारी भी कराएगा और इच्छुक विद्यार्थियों को इन विषयों का चयन करने के लिए प्रोत्साहित करेगा। इससे विद्यार्थियों की विषयगत समझ एवं आधारभूत तैयारी मजबूत होगी, जबकि इन विषयों को चुनने में कोई अतिरिक्त जोखिम नहीं है।

## विद्यालय का आंतरिक मूल्यांकन (Internal Assessment)

मुख्य विषयों में **20 अंकों का आंतरिक मूल्यांकन** विभिन्न छोटी-छोटी गतिविधियों, पोर्टफोलियो तथा विषय-संवर्धन (Subject Enrichment) गतिविधियों के आधार पर किया जाएगा। विद्यालय प्रत्येक कार्य के लिए स्पष्ट समय-सीमा निर्धारित करेगा और विद्यार्थियों को निरंतर मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेगा।

यह मूल्यांकन केवल किसी एक परीक्षा पर आधारित नहीं होगा, बल्कि पूरे वर्ष विद्यार्थी की मेहनत, निरंतरता और सहभागिता को दर्शाएगा। **जो विद्यार्थी ईमानदारी एवं नियमितता के साथ अपने सभी कार्य पूरे करते हैं और विद्यालय के मार्गदर्शन का पालन करते हैं, वे आंतरिक मूल्यांकन में अच्छे अंक प्राप्त करने की बेहतर स्थिति में रहेंगे।**

## उत्तीर्ण होने की शर्तें

- विद्यार्थियों को सभी निर्धारित आंतरिक मूल्यांकन तथा वार्षिक/बोर्ड परीक्षाएँ, जहाँ भी लागू हों, पूर्ण करना आवश्यक होगा।

- **दोनों घटकों में अलग-अलग उत्तीर्ण होना आवश्यक:** जिन विषयों में **80 अंकों की लिखित परीक्षा और 20 अंकों का आंतरिक मूल्यांकन** होता है, उनमें सीबीएसई के नियमानुसार दोनों घटकों में अलग-अलग न्यूनतम **33% अंक** प्राप्त करना अनिवार्य है। अर्थात, विद्यार्थी को लिखित परीक्षा में कम से कम 33% तथा आंतरिक मूल्यांकन में भी कम से कम 33% अंक प्राप्त करने होंगे। अतः उत्तीर्ण होने के लिए विद्यार्थी की नियमित एवं ईमानदार तैयारी तथा निरंतर परिश्रम अत्यंत आवश्यक है।

- **न्यूनतम 75% उपस्थिति अनिवार्य:** सीबीएसई परीक्षा नियमावली (नियम 13) के अनुसार, बोर्ड परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए विद्यार्थी की कम से कम **75% उपस्थिति** आवश्यक है, जिसकी गणना परीक्षा वर्ष की **1 जनवरी** तक की जाती है। उपस्थिति में छूट केवल असाधारण परिस्थितियों, जैसे प्रमाणित चिकित्सा आपातकाल अथवा देश की ओर से खेलों में प्रतिनिधित्व करने की स्थिति में, तथा आवश्यक वैध दस्तावेज पूर्व में प्रस्तुत किए जाने पर ही दी जा सकती है। अतः कक्षा IX से ही विद्यार्थियों की नियमित उपस्थिति अत्यंत आवश्यक है। इससे आंतरिक मूल्यांकन के साथ-साथ उनकी निरंतर एवं प्रभावी तैयारी भी सुनिश्चित होती है।

- विद्यालय द्वारा मूल्यांकित विषयों में उत्तीर्ण होना आवश्यक: तृतीय भाषा (R3) सहित सभी अनिवार्य विद्यालय-मूल्यांकित विषयों में उत्तीर्ण होना भी सीबीएसई कक्षा X उत्तीर्णता प्रमाणपत्र प्राप्त करने के लिए आवश्यक है। विद्यालय विद्यार्थियों को इन विषयों की समुचित तैयारी में आवश्यक मार्गदर्शन एवं सहयोग प्रदान करेगा।

## अभिभावक-शिक्षक बैठक (PTM)

विद्यालय समय-समय पर अभिभावक-शिक्षक बैठकें (PTM) आयोजित करेगा, ताकि अभिभावक एवं संरक्षक नए पाठ्यक्रम के अंतर्गत अपने बच्चे के प्रदर्शन और प्रगति से भली-भाँति अवगत रह सकें। कृपया इन बैठकों में समय पर उपस्थित होकर अपने बच्चे की शैक्षणिक प्रगति में सक्रिय रूप से सहभागी बनें। आपके सहयोग और सहभागिता का आपके बच्चे की सफलता में महत्वपूर्ण योगदान है।